प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता,
सिंचाई विभाग, देहरादून।

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण अनुभाग–2 **देहरादून: दिनांक: 27 सितम्बर, 2021**

विषय:– सिंचाई विभाग में कार्यों के सम्पादन एवं नियंत्रण हेतु निविदा प्रणाली में संशोधन विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–2675/II(2)–2016/3(02)/2014, दिनांक 17.10.2016 एवं तदोपरान्त निर्गत अन्य सुसंगत शासनादेशों के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सिंचाई विभाग में निविदा प्रक्रिया के अन्तर्गत अपेक्षाकृत अधिक सहभागिता के माध्यम से क्षमता संवर्धन, पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने हेतु प्रचलित निविदा प्रणाली के निर्माण कार्यों से सम्बन्धित कतिपय प्राविधानों में निम्नवत् संशोधन किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :–

1. **टर्नओवर (Turn Over) हेतु मापदण्ड :–**
   रू0 50.00 लाख तक की निविदा हेतु निविदादाता का टर्न ओवर लिये जाने की आवश्यकता नहीं होगी।
2. **कार्य अनुभव हेतु मापदण्ड :–**
   रू0 50.00 लाख तक की निविदा हेतु अनुभव प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।
3. **ई–निविदा टू–बिड सिस्टम (e-tendering by Two bid system) के अनुसार निविदा रू0 50.00 लाख से अधिक के कार्यों के सम्बन्ध में ही की जायेगी।**

उक्त आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होंगे। विषयगत पूर्व निर्गत शासनादेशों के संगत प्राविधान उक्त सीमा तक संशोधित समझे जायेंगे और शेष प्राविधान पूर्ववत् लागू रहेंगें। अतः कृपया उपरोक्त संशोधनों को समस्त अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुये इनका अनुपालन सुनिश्चित करायें।

भवदीय,

(हरिचन्द्र सेमवाल)
सचिव।

क्रमश:.....2

संख्या–152(1)/1(2)/2021–3(02)/2014 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव–सिंचाई मंत्री को मा0 मंत्री जी के संज्ञानार्थ।
2. निजी सचिव–मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव, महोदय के संज्ञानार्थ।
3. निजी सचिव–अपर मुख्य सचिव, वित्त को अपर मुख्य सचिव, वित्त के संज्ञानार्थ।
4. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), देहरादून।
6. आयुक्त गढ़वाल/कुमाँऊ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, उत्तराखण्ड, देहरादून।
9. वित्त अनुभाग–2/वित्त नियोजन प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड शासन।
10. गार्ड फाइल।

(जे0एल0 शर्मा)
संयुक्त सचिव।